The rates of interest charged by term lending institutions are lower than those charged by commercial banks. By and large banks advance short term loans for working capital and therefore they charge higher rates of interest. Rates of interest charged by different commercial banks also vary depending upon the purpose and amount of advance, the period of loan, cost of raising resources etc.

(b) No, Sir,

(c) Question does not arise.

मध्य प्रदेश में चिट फंड कम्पनियों के विरुद्ध जांच

1068. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या राजस्व और बैंकिंग मंत्री मध्य प्रदेश में चिट फंड कम्पनियों के कार्यकरण के बारे में 7 मई, 1976 के अतारांकित प्रश्न संख्या 3599 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में कार्य कर रही 27 चिट फंड कम्पनियों के नाम क्या क्या हैं ;

(ख) उनमें से पंजीकृत कम्पनियों की संख्या क्या है और प्रत्येक ने इस समय कितना-कितना पूंजी निवेश कर रखा है ;

(ग) क्या सुनीता चिट फंड एण्ड फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, इन्दौर तथा ट्रायफेण्ट चिटफंड, जबलपुर द्वारा कारोबार बन्द किये जाने के बारे में प्राप्त शिकायतों की जांच इस बीच पूरी कर ली गई है ; और

(घ) यदि हां, तो उसके क्या परिणाम निकले हैं और इस बारे में क्या कार्यवाही की गई है और कितनी धनराशि के गबन का अनुमान है ?

राजस्व और बैंकिंग विभाग के प्रभारी राज्य मंत्री (श्री प्रणव कुमार मुखर्जी) : (क) और (ख). मध्य प्रदेश राज्य में कारोबार करने वाली 27 चिट फंड कम्पनियों की चुकता शेयर पूंजी के बारे में कम्पनी कार्य विभाग के पास यथा उपलब्ध आंकड़े विवरण में दिये गये हैं जो सभा पटल पर रखा गया है । [देखिए संख्या LT-11162/76] ।

(ग) और (घ). भारतीय रिजर्व बैंक ने सूचित किया है कि ट्रायफेंट चिट फण्ड प्राइवेट लिमिटेड, जबलपुर की उसके द्वारा की जाने वाली जांच तथा सुनीता चिट फंड एण्ड फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, इंदौर की राज्य सरकार द्वारा की जाने वाली जांच अभी पूरी नहीं हुई है । रिजर्व बैंक ने यह भी सूचित किया है कि उक्त कम्पनियों द्वारा किये गए तथाकथित गबन का कोई अन्दाजा अभी उसके पास उपलब्ध नहीं है ।

लाइटरों के पत्थरों (फिलन्ट स्टोन) का आयात

1070. श्री भागीरथ भंवर : क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या लाइटरों के पत्थरों का भारत द्वारा आयात किया जाता है और यदि हां, तो किन-किन देशों से और कितनी मात्रा में आयात किया जाता है ;

(ख) भारत में इनका उत्पादन कहां-कहां पर और कितनी मात्रा में होता है और क्या भविष्य में देशीय संसाधनों से इसकी आवश्यकता की पूर्ति करने की कोई योजना है ;

(ग) क्या गत वर्षों की तुलना में इनके आयात की मात्रा घटी है अथवा बढ़ी है और इसका प्रतिशत क्या है ; और

(घ) इनमें कमी या बढ़ोतरी के कारण क्या हैं ?